अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 8 फरवरी 2020

Page No :13 Right Bottom

बीटेक में दाखिले के लिए अब केमिस्ट्री अनिवार्य विषय नहीं

नई दिल्ली (सीमा शर्मा)। पहली बार इंजीनियरिंग में दाखिले के लिए केमिस्ट्री अनिवार्य विषय नहीं होगा। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 में बीटेक और बीई दाखिले के लिए केमिस्ट्री विषय की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है।

एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए फिजिक्स और गणित विषय को अनिवार्य विषय माना है। केमिस्ट्री की जगह बायोटेक्नोलॉजी, बॉयोलॉजी, टेक्निकल वोकेशनल, कंप्यूटर साइंस, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इंफोरमेटिक्स प्रैक्टिस, एग्रीकल्चर, इंजीनियरिंग ग्राफिक व बिजेनस स्टडीज विषय को शामिल किया है। बीटेक में दाखिले के लिए 12वीं में इन विषयों के साथ 45 फीसदी अंक होने अनिवार्य हैं।